उत्तराखंड में 1202 मोबाइल टावरों को मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय संचार मंत्रालय ने उत्तराखंड में मोबाइल कनेक्टविटी को विस्तार देने के लिये 1202 बीएसएनएल के मोबाइल टावर को मंज़ूरी दी है। केंद्र सरकार एक मोबाइल टावर पर एक करोड़ रुपए खर्च करेगी।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि 6 अगस्त को नई दिल्ली के दौरे पर गए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक शिष्टाचार भेंट में केंद्रीय संचार मंत्री अश्वनी वैष्णव के समक्ष यह प्रस्ताव रखा था, जिसे केंद्रीय मंत्री ने स्वीकृति प्रदान की।
- मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को उन सभी स्थानों की सूची सौंपी है, जहाँ मोबाइल टावर लगाए जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मोबाइल कनेक्टविटी न होने की वजह से इन इलाकों के लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
- मोबाइल टावर लगाए जाने से सबसे ज़्यादा फायदा सीमांत ज़िले पिथौरागढ़, चमोली और उत्तरकाशी को होगा। इन ज़िलों के अलावा राज्य के अन्य पर्वतीय ज़िलों और मैदानी ज़िलों के ग्रामीण इलाकों में भी कनेक्टिविटी की समस्या दूर हो सकेगी।
- प्रस्ताव के अनुसार अल्मोड़ा में 28, बागेश्वर में 97, चमोली में 123, चंपावत में 103, देहरादून में 56, पौड़ी में 196, हरिद्वार में 06, नैनीताल में 60, पिथौरागढ़ में 245, रुद्रप्रयाग में 20, टिहरी में 114, यूएस नगर में 05, उत्तरकाशी में 149 मोबाइल टावर लगेंगे

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/1202-mobile-towers-approved-in-uttarakhand